# अगले माह से सभी मंडलों में होंगे युवा उद्यमी सम्मेलन

राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ: मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना को सफल बनाने के लिए एमएसएमई विभाग ने सितंबर माह से सभी मंडलों में युवा उद्यमी सम्मेलन कराने की तैयारी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीती 30-31 जुलाई को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित सम्मेलन में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग को सभी मंडलों में सम्मेलन कराने के निर्देश दिए थे। एमएसएमई विभाग मंडलों में सम्मेलनों के आयोजन को लेकर विश्वविद्यालयों, कालेजों व तकनीकी शिक्षण संस्थानों से संपर्क कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस के मौके पर युवा उद्यमी अभियान योजना का शुभारंभ किया था। योजना के तहत प्रदेश के बेरोजगार युवकों को अपना उद्यम शुरू करने के लिए बिना गारंटी व ब्याज के पांच लाख रुपये तक का ऋण दिया जा रहा है। योजना के तहत पांच वर्षों में ऋण चुकाने पर 7.5 लाख रुपये का और ऋण लेने की सुविधा युवाओं को दी जा रही है।

- अभी तक 73,619 युवाओं को दिया जा चुका है ऋण
- छह लाख से ज्यादा नौजवानों ने कराया है पंजीकरण

योजना के तहत अभी तक छह लाख से ज्यादा युवाओं ने पंजीकरण कराया है। 73,619 युवाओं को 2,991 करोड़ रुपये का ऋण वितरित भी किया जा चुका है। इनमें सामान्य वर्ग के 24,847, पिछड़ा वर्ग के 35,992, एससी व एसटी वर्ग के 11,128 तथा अल्पसंख्यक वर्ग के 1,652 युवाओं को ऋण दिया गया है।